Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding irregularities in implementation of 'Har Ghar Nal se Jal' Scheme in Chhattisgarh- Laid.

श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर): मैं छत्तीसगढ़ की एक अति आवश्यक मांग माननीय जल शक्ति मंत्री जी के समक्ष रखना चाहता हूँ। माननीय प्रधानमंत्री जी के इच्छा अनुरूप केन्द्र सरकार की अग्रणी योजना जल ग्रहण मिशन के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य की वर्तमान स्थिति के परिप्रेक्ष्य में अवगत कराना चाहता हूँ। छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा जल ग्रहण मिशन के अंतर्गत टेण्डर जारी किए गए, किन्तु टेंडर में अनियमितता के आरोप लगने पर जारी टेंडर को निरस्त कर पुनः टेंडर किए गए, जिस कारण से छत्तीसगढ़ राज्य हर घर नल से जल योजना में लगभग एक वर्ष पीछे हो गया है। अनेक गांव में पानी की पाईप लाईन बिछाई गई है, किन्तु पानी की टंकी का निर्माण ही नहीं किया गया एवं पाईप लाईन में उपयोग की गई सामाग्री की गुणवत्ता केन्द्र सरकार द्वारा जारी गुणवत्ता के अनुरूप नहीं है। कार्य में स्थायित्व नहीं होने के कारण से पाईपलाईन बिछाने एवं पानी टंकी निर्माण का कार्य विलंब से चल रहा है, जिसके कारण से छत्तीसगढ़ के निवासियों को पानी समय पर मिल पाना संभव प्रतीत नहीं होता है। अतः माननीय मंत्रीजी से निवेदन है कि केन्द्र की उक्त योजना का छत्तीसगढ़ राज्य के संदर्भ में उचित दिशा निर्देश जारी किये जाने का कष्ट करेंगे।